# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 21.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1-चरस सहित एक तस्कर गिरफ्तार,थाना मझोलाः-



अवगत कराना है आज दिनांक 21.10.2024 को उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी फजले मुसीर उर्फ मौहश्सीब उर्फ मोहसिर पुत्र मौ0 अनीस निवासी असालतपुरा नजदीक डेर वाली मस्जिद, थाना गलशहीद,मुरादाबाद को 170 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-0946/2024 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## 2-अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-



अवगत कराना है आज दिनांक 21.10.2024 को हे0का0 रवि राणा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सतीश कुमार पुत्र स्व0 चुन्नी लाल निवासी अम्बेडकर नगर थाना – कटघर,मुरादाबाद को एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-519/2024 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## 3.एक वारंटी को थाना छजलैट पुलिस ने किया गिरफ्तार।



अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज दिनांक 21.10.2024 को थाना छजलैट पुलिस ने वारंटी सौरभ पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम लदावली थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0 न0 40504/22 धारा-452/323 भादवि थाना छजलैट ,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

## 4. एक वारंटी को थाना गलशहीद पुलिस ने किया गिरफ्तार।




अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज दिनांक 21.10.2024 को थाना गलशहीद पुलिस ने वारंटी फदर अली उर्फ सबदर अली पुत्र हसमत अली निवासी असालतपुरा बडी मस्जिद के पास थाना गलशहीद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0अ0स0 359/12 धारा 379/411 भादवि चालानी थाना जीआरपी मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

## 5.जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 03 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.10.2024 को शान्ति भंग कर रहे थाना गलशहीद पुलिस द्वारा 01 आरोपी तथा थाना कटघर पुलिस द्वारा 02 अभियुक्ता को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विवरण निम्नवत है:-



1.कमाल पुत्र अजीज निवासी प्रिन्स रोड पेराटाइज टेलर के पास कटार शहीद थाना गलशहीद,मुरादाबाद

2. शबनम पत्नी कल्लन निवासी ग्राम मछरिया थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

3. इसरत पत्नी रफीक निवासी ग्राम मछरिया थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**6. थाना मझोला पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी की 02 मो0सा0 की गई बरामद व 01 बाल अपचारी को 01 अवैध चाकू सहित हिरासत में लेकर की गई वैधानिक कार्यवाही।**



अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा चोरी,वाहन चोरी आदि घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा इन अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के मार्गदर्शन में थाना मझोला पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.10.2024 को 02 अभियुक्तगण 1. इस्लाम उर्फ छोटू पुत्र शकूर निवासी टांडा खुशहालपुर थाना टांडा,रामपुर 2. इरफान पुत्र रशीद निवासी भोपुरा थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया एवं 01 बाल अपचारी को नियमानुसार हिरासत मे लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल व बाल अपचारी से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया,जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला मुरादाबाद पर मु0अ0सं0- 948/2024 धारा 317(2) /317(5) बीएनएस व 35(1)(2) /106 बीएनएसएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. इस्लाम उर्फ छोटू पुत्र शकूर निवासी टांडा खुशहालपुर थाना टांडा जिला रामपुर
2. इरफान पुत्र रशीद निवासी भोपुरा थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद

01 बाल अपचारी

### बरामदगी का विवरण-

02 मोटर साइकिल ,01 अवैध चाकू।

### पूछताछ अभियुक्तगण –

पुलिस द्वारा पूछताछ मे अभियुकत इस्लाम व बाल अपचारी द्वारा बताया गया कि उक्त मोटर साइकिले 1. बजाज पल्सर को असालतपुरा इस्माईल रोड गलशहीद से तथा 2. टी0वी0एस0 अपाचे मोटर साइकिल को रात के समय लाजपतनगर कटघर से एक घर के सामने से चोरी की थी। हम दोनो मोटर साईकिल चोरी करके दिल्ली अपने साथी इरफान पुत्र रशीद निवासी भोपुरा तुलसी निकेतन गाजियाबाद के पास पहुँचाते है। वहां से इरफान ही मोटर साइकिलो को छिपाकर रखता है तथा कोई ग्राहक मिलने पर बेच देता है तथा आये पैसे को हम तीनो आपस मे बाट लेते है।

## पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 948/2024 धारा- 317(2) /317(5) बीएनएस व  35(1)(2) /106 बीएनएसएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट,मुरादाबाद।

## गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री अर्जुन सिंह थाना मझोला ,मुरादाबाद

2.हे0का0 विजय सिंह  थाना मझोला,मुरादाबाद

3.का0 शुभम  थाना मझोला,मुरादाबाद

## 7. थाना पाकबडा पुलिस व एस.ओ.जी. द्वारा नकली नोट बनाने के उपकरण व गिरफ्तार 02 अभियुक्तगण को 2,28,300/- के नकली नोटो के साथ गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद व क्षेत्राधिकारी हाईवे के निकट नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में थाना पाकबड़ा पुलिस को दिनांक 20.10.2024 को बडी सफलता प्राप्त हुई, जब एस.ओ.जी. टीम व  थाना पाकबडा पुलिस द्वारा दिनांक 20.10.2024 को दो अभियुक्तगण 1.बिलाल अहमद पुत्र अली हसन निवासी मोहल्ला नल हासमी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद अमरोहा 2. मोहम्मद सलमान पुत्र एहसान अहमद निवासी ख्वाजा कालोनी थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद को 2,28,300/- रूपये (दो लाख अठाईस हजार तीन सौ रुपये) के नकली नोटों व नकली नोट बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना पाकबडा पर अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 375/2024 धारा 178/179/180/181 बीएनएस बनाम बिलाल अहमद आदि दो नफर पंजीकृत किया गया है। जिसके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।




**पूछताछ का विवरणः-** अभियुक्त बिलाल अहमद पुत्र अली हसन निवासी मोहल्ला नल हासमी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद अमरोहा ने बताया कि मै व मोहम्मद सलमान पुत्र एहसान अहमद निवासी ख्वाजा कालोनी थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद असली नोट को इस मशीन से प्रिन्ट करते हैं तथा स्केनर से अन्य रुप रेखा असली नोट की तरह तैयार करते है व पैमाने व कटर के माध्यम से कटिंग करके बाजार मे जगह-जगह असली के रुप मे चलाते है। पकड़े गए व्यक्तियो से और अधिक गहनता से पूछताछ की गई तो दोनो ने एक साथ बताया कि हमने बाजार मे लगभग 60-70 हजार रुपये असली नोट के रुप मे चला दिये हैं। और अपनी गलती स्वीकार की।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1.बिलाल अहमद पुत्र अली हसन निवासी मोहल्ला नल हासमी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद अमरोहा।

2. मोहम्मद सलमान पुत्र एहसान अहमद निवासी ख्वाजा कालोनी थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद।

## आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 375/2024 धारा 178/179/180/181 बीएनएस थाना पाकबडा मुरादाबाद

## अभियुक्त बिलाल अहमद उपरोक्त से बरामदगी

1.एक लेमिनेशन मशीन,

2.एक पेपर कटर प्लास्टिक रंग ग्रे सफेद

3.एक स्टील का पैमाना,

4.500 के कुल नोट 223, कुल रुपये 111500/-

6.100 के कुल नोट 89 कुल 8900 रुपये,

7.कुल बरामद रुपये 1,20,400/-

8.तथा एक मोबाईल फोन रीयल मी नोट 12 रंग ओरेंज बरामद हुआ।

## आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 375/2024 धारा 178/179/180/181 बीएनएस थाना पाकबडा मुरादाबाद

## अभियुक्त मौहम्मद सलमांन उपरोक्त से बरामदगी

1.एक  HP प्रिन्टर / स्केनर

2.500 के कुल नोट 200 नोट कुल रुपये 100000

3.100 के कुल नोट 79 कुल 7900/- रुपये

4.कुल बरामद रुपये 1,79,000/-

5.एक अदद मोबाईल फोन हल्का हरा रंग सेमसंग  माडल A 34 बरामद हुआ। .

## गिरफ्तारी करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणः-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिहं, थाना पाकबड़ा।

2.उ0नि0 श्री अमित कुमार(एस0ओ0जी0 प्रभारी) मय टीम

3.उ0नि0 श्री राजकिशोर सिहं, थाना पाकबड़ा।

4.उ0नि0 श्री जयकिशोर त्यागी, थाना पाकबड़ा।

5.हे0का0 सतेन्द्र सिहं, थाना पाकबड़ा।

6.का0  प्रभात पुण्डीर, थाना पाकबड़ा।

7.का0  बब्लू , थाना पाकबड़ा।